समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# रिलायंस मे अंनत अंबानी को मिलेगी 20 करोड़ तक की सालाना सैलरी, जाने क्या-क्या होंगी खास सुविधाएं।

Publisher

Published on 30 Jun 2025



## RIL के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर बने अनंत अंबानी, मोटी तनख्वाह के साथ कंपनी उठाएगी घर, यात्रा, मेडिकल और सिक्योरिटी का पूरा खर्च।

**रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL)** के **चेयरमैन मुकेश अंबानी** के सबसे छोटे बेटे **अनंत अंबानी** को अब कंपनी में बड़ी ज़िम्मेदारी मिल चुकी है। अनंत को **1 मई 2025 से कंपनी का एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर** नियुक्त किया गया है। उनके कार्यकाल की **अवधि 5 साल** की होगी और इस दौरान उन्हें कंपनी से सालाना मोटी सैलरी के साथ कई लग्जरी सुविधाएं भी मिलेंगी।

**कितनी है अनंत अंबानी की सैलरी ?**
**बीएसई** में दायर की गई रिलायंस की फाइलिंग के मुताबिक, **अनंत अंबानी** को सालाना **10 करोड़ से 20 करोड़ रुपये तक सैलरी** मिलेगी। इसके साथ ही उन्हें कंपनी के मुनाफे में हिस्सा (कमीशन) भी दिया जाएगा।

**अन्य भत्ते और सुविधाएं**
**RIL** की ओर से **अनंत अंबानी** को कई अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी, जिनमें शामिल हैं:
१. **हाउस रेटं अलाउंस और हाउस मेनटेनेसं अलाउंस**
२. **गैस, बिजली, पानी जैसे यूटिलिटी खर्चों का भुगतान**
३. **कम्युनिकेशन खर्चों की भरपाई**

**४. बिजनेस ट्रिप्स के दौरान खुद, पत्नी और असिस्टेट्ंस के लिए फाइव स्टार सुविधा**
**५. डोमेस्टिक और इंटरनेशनल ट्रैवल का खर्च**
**६. परिवार के लिए मेडिकल ट्रीटमेटं और हेल्थ इंश्योरेसं**
**७. हाई-लेवल सिक्योरिटी अरेजंमेटं**
**८. रिलायंस की HRNR कमेटी सालाना समीक्षा के बाद सैलरी और इंक्रीमेटं तय करेगी।**

**किस-किस सेक्टर से जुड़े है अंनंत ?**

अनंत अंबानी **रिलायंस के कई प्रमुख वर्टिकल** से जुड़े हुए हैं:
**१. मार्च 2020 से जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के बोर्ड मे ं**
**२. मई 2022 से रिलायंस रिटेल वेचंर्स लिमिटेड**
**३. जून 2021 से रिलायंस न्यू एनर्जी और न्यू सोलर एनर्जी**
**४. 2022 से रिलायंस फाउंडेशन के बोर्ड सदस्य**
**५. अनंत ने अपनी ग्रेजुएशन अमेरिका की प्रसिद्ध ब्राउन यूनिवर्सिटी से की है और लंबे समय से कंपनी के कई सामाजिक और पर्यावरणीय प्रोजेक्ट्स से जुड़े है ।**

**अंबानी फैमिली की उत्तराधिकार योजना मे अंगला कदम ?**

विशेषज्ञों का मानना है कि अनंत की यह नियुक्ति **अंबानी परिवार की उत्तराधिकार** योजना का अगला बड़ा चरण है। जहां **आकाश अंबानी रिलायंस जियो** को और **ईशा अंबानी रिलायंस रिटेल** को संभाल रहे हैं, वहीं **अनंत अब एनर्जी सेक्टर और CSR** से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाएंगे।

**मुकेश अंबानी** पहले ही संकेत दे चुके हैं कि अगली पीढ़ी को ज़िम्मेदारियां सौंपने का समय आ गया है, और अनंत की डायरेक्टर नियुक्ति उसी दिशा में एक निर्णायक कदम है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.